33303

Reg. No. | | | | | | | | |

III Semester B.Sc/B.S.F.A/B.S.I.D/.B.S.R.S/B.V.A.A/B.V.A.M/B.V.A.P/B.V.C.P/B.V.G.A/B.V.I.S/B.V.P.D/B.V.P.T/B.V.S.P. Degree Examination, March-2021

HINDI

Natak Vigyapan Lekhan Aur Sankshiptikaran

(CBCS Semester Fresher Scheme)

Time : 3 Hours **Maximum Marks : 70**

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या वाक्य में लिखिए। (10×1=10)

1. किसने 'कालोनी सुन्दरी' प्रतियोगिता में फस्ट प्राइज़ जीता था?
2. धरती पर स्वर्ग उतारने की बात कौन करता है?
3. आदिमानव ने कन्दराओं और गुफाओं के एकाकी जीवन को त्यागकर किसको अपनाया?
4. सिंहासन पर बैठने से पूर्व राजा को क्या करना पड़ा?
5. प्रजा के हित में किये गये महान कार्य में क्या खाली हो गया?
6. 'सिंहासन खाली है' नाटक के रचयिता कौन है?
7. साम्राज्यवादी प्रवृत्ति के वशीभूत इन्सान ने कहाँ पर अपने झण्डे गाड दिये?
8. महिला राशन के सामान को कहाँ पर रखने की बात करती है?
9. पुरुष के अनुसार नारों के पुल पर चलकर क्या पायी जा सकती है?
10. अपने बाहुबल और बुद्धि–कौशल से राजा क्या प्राप्त कर सकता है?

BMSCW LIBRARY

II निम्नलिखित उद्दरणों में से किन्हीं दो की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए। (2×7=14)

1. "खामोश! तुम सब कुपात्र हो। भूल जाओं कि सिंहासन तुम्हें मिलेगा। अन्याय और अत्याचार में डुबे ये घिनौने चेहरे ले जाओं। सिंहासन के लिए सुपात्र चाहिए, कुपात्र नहीं। आप लोग जा सकते हो।"
2. "तुम लोग यह नहीं समझोगे। ये जटिल बातें है। यह ठीक है कि तुम्हारे पास सब कुछ है, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। मैं तुम्हारा राजा हूँ। तुम्हारा रक्षण और पोषण करना हमारा कर्तव्य है।"
3. "क्या मुश्किल है! राशन नहीं मिलेगा, बिजली नहीं मिलेगी, पानी, ईंधन नहीं मिलेगा..... यह नहीं मिलेगा, वह नहीं, अच्छी आज़ादी मिली है, सब कुछ अपना और अपना कहने लायक कुछ भी नहीं।"

P.T.O.

III. 1. 'सिंहासन खाली है' नाटक धूर्न, मक्कार, स्वार्थी, बाहुबली, रंगारंग टोपीवाले गिरगिटी नेताओं और उनके द्वारा हर बार छली जानेवाली भोली-भाली जनता की बेबसी का वर्णन करता है। नाटककार की इस अभिव्यक्ति की पुष्टि करते हुए नाटक का सारांश लिखिए। (1×16=16)

अथवा

2. 'सिंहासन खाली है' नाटक के शीर्षक का समर्थन करते हुए उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

IV किन्हीं <u>दो</u> पर टिप्पणी लिखिए। (2×5=10)

1. नेता।
2. व्यक्ति-दो
3. महिला और राजा का संवाद।

V. निम्नलिखित विषयों में से किसी <u>एक</u> पर विज्ञापन तैयार कीजिए। (1×10=10)

1. लॅपटॉप।
2. शैम्पू।

BMSCW LIBRARY

VI. निम्नलिखित अनुच्छेद का संक्षितीकरण करते हुए एक उचित शीर्षक दीजिए। (1×10=10)

प्रत्येक राष्ट्र के जीवन निर्वाह के लिए यह आवश्यक है कि देश की प्राकृतिक सम्पत्ति की रक्षा की जाए तथा उस सम्पत्ति की अभिवृद्धि के पुरे-पुरे प्रयत्न किये जाएँ। देश की कृषि,खानों की पैदावार तथा दस्तकारी की रक्षा किए बिना, उनकी उन्नति किए बिना तथा देश के धन को देश के बाहर, जाने से रोके बिना किसी भी देश के युवाओं का पालन करना तथा उन्हें दुष्काल के भयानक परिणामों से बचाना सर्वथा दुष्कर है। साथ ही हमें यह भी स्मरण रखना चाहिए कि राष्ट्रिय जीवन तथा राष्ट्रिय उन्नति के लिए देश की प्राकृतिक सम्पत्ति के साथ-साथ मानसिक व नैतिक सम्पत्ति को बढ़ाना अधिक आवश्यक है। देश की युवा-पीढी ही राष्ट्र की नैतिक सम्पत्ति है। इन सम्पत्तियों की रक्षा और वृद्धि तभी सम्भव है जब हम अपने कर्त्तव्यों तथा अधिकारों को समझेंगे।